डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0 प्र0

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2024 / 1693

दिनांकः 19 मार्च, 2024

अनुस्मारक–3

आवश्यक / महत्वपूर्ण

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक
विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः प्रवेश और फीस नियमन समिति / शासन द्वारा निर्धारित शुल्क की सूचना संस्थानों की अधिकृत वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रवेश और फीस नियमन समिति के पत्र संख्या 5283/ प्र0फी0नि0स0 / शु0नि0/2024 दिनांक 06.03.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से निजी क्षेत्र की डिग्री स्तरीय जिन संस्थानों ने शासन / समिति द्वारा निर्धारित शुल्क की सूचना निर्धारित तिथि 29.02.2024 तक अपनी अधिकृत वेबसाइट पर प्रदर्शित नहीं किया गया है उन संस्थानों की सूची एक सप्ताह के अन्दर समिति कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा पत्रांक ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2023 / 19954 दिनांक 29 अगस्त, 2023 एवं ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2024 / 870 दिनांक 08 फरवरी, 2024 के माध्यम से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थाओं को निर्देशित किया गया था कि **उ0प्र0 निजी प्राविधिक शैक्षणिक संस्था (प्रवेश का विनियमन और फीस का नियतन) विनियमावली–2015 के बिन्दु–12 में दी गयी व्यवस्था के अनुपालन में निर्धारित शुल्क की सूचना सभी संस्थानों को अपनी अधिकृत वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य है,** परन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा अपनी अधिकृत वेबसाइट पर निर्धारित शुल्क की सूचना अपलोड नही की गयी है। यह खेद का विषय है।

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि शासन द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में समस्त संस्थान अपनी अधिकृत वेबसाइट पर फीस नियमन समिति द्वारा निर्धारित शुल्क प्रदर्शित कराते हुए विश्वविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(अन्नावि दिनेशकुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. सचिव, प्रवेश और फीस नियमन समिति, बांसमण्डी चौराहा, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(अन्नावि दिनेशकुमार)
कुलसचिव

महत्वपूर्ण / समयबद्ध
Email : afrcup1155@gmail.com
पत्रांक–5283 /प्र0फी0नि0स0 / शु0नि0 / 2024

प्रेषक,

सचिव,
प्रवेश और फीस नियमन समिति,
बासमण्डी चौराहा चारबाग,
लखनऊ।

सेवा में,

कुलसचिव,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम,
प्राविधिक विश्वविद्यालय,सेक्टर–11,
जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ।

प्रवेश और फीस नियमन समिति — लखनऊः दिनांक 06 मार्च, 2024

विषयः–डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम, प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध निजी क्षेत्र की डिग्री स्तरीय अभियन्त्रण संस्थानों द्वारा समिति/शासन द्वारा निर्धारित शुल्क की सूचना संस्थानों की अधिकृत वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक समिति कार्यालय के पत्रांक संख्या–5260–61/प्र0फी0नि0स0/शु0नि0/2024 दिनांक 24.01.2024 के अनुक्रम में आपके कार्यालय के पत्रांक संख्या–ए0के0टी0यू0/कुस0का0/2024/870 दिनांक 08.02.2024 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी क्षेत्र की डिग्री स्तरीय संस्थाओं को शासन/समिति द्वारा निर्धारित शुल्क की सूचना अपनी अधिकृत वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध करना है कि निजी क्षेत्र की डिग्री स्तरीय जिन संस्थानों ने शासन/समिति द्वारा निर्धारित शुल्क की सूचना निर्धारित तिथि 29.02.2024 तक अपनी अधिकृत वेबसाइट पर प्रदर्शित नहीं किया गया है **उन संस्थानों की सूची एक सप्ताह के अन्दर समिति कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें** जिससे अध्यक्ष, प्रवेश और फीस नियमन समिति/प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में **दिनांक 11.01.2024** की सम्पन्न बैठक में लिए गये निर्णय के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा सकें।

भवदीय

(डॉ0 सन्तोष कुमार सिंह)
सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैवः–

निजी सचिव, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन को अध्यक्ष, प्रवेश और फीस नियमन समिति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 सन्तोष कुमार सिंह)
सचिव

1722
12/3/24

DR(E)

1467

DR
12/3/24

D/umesh data 2020-23-24/Go1